# उन्मेष अंतरराष्ट्रीय साहित्य उत्सव इस बार पटना में होगा

**जासं, पटना :** 'उन्मेष' अंतरराष्ट्रीय साहित्य उत्सव के तीसरे संस्करण का आयोजन इस बार पटना में 25 से 28 सितंबर तक सम्राट अशोक कन्वेंशन सेंटर में होगा। बिहार सरकार के सहयोग से भारत सरकार का संस्कृति मंत्रालय एवं साहित्य अकादमी संयुक्त रूप से यह कार्यक्रम कर रहा है। इसकी घोषणा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में प्रेस कांफ्रेंस में संस्कृति मंत्रालय के सचिव विवेक अग्रवाल ने दी। प्रतिदिन शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें ग्रेमी पुरस्कार से पुरस्कृत संगीतज्ञ रिकी केज की लाइव प्रस्तुति के साथ ही राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, संगीत नाटक अकादमी एवं पूर्वी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र की प्रस्तुतियां शामिल हैं।

बताया गया कि 'उन्मेष' प्रतिभागियों की संख्या के आधार पर एशिया का सबसे बड़ा साहित्य उत्सव है। इस बार के आयोजन में देश-विदेश से लगभग 550 प्रतिष्ठित लेखक, कवि, विद्वान, अनुवादक, प्रकाशक तथा विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी हुई जानी-मानी हस्तियां लगभग 90 सत्रों में भाग लेंगी। इसके अतिरिक्त, 12 अन्य देशों के लेखक भी इस उत्सव में सहभागिता करेंगे। इसमें बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, अभिनेता अमोल पालेकर, जावेद अख्तर, गिरीश कासरवल्ली, सोनल मानसिंह समेत कुछ देशों के राजदूत व अन्य अतिथि शामिल होंगे। इनके अलावा नवतेज सरना, प्रतिभा राय, अरुण कमल, लिलिट दुबे, मालिनी अवस्थी की सहभागिता भी होगी। इस कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर सत्रों का आयोजन होगा।